भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 5038
दिनांक 01 अप्रैल, 2022 को उत्तर के लिए

उत्तर प्रदेश में महिला शक्ति केंद्र

5038. श्री प्रदीप कुमार चौधरी:

क्या **महिला एवं बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में महिला शक्ति केंद्र योजना के अंतर्गत किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान इसके अंतर्गत कितनी धनराशि आबंटित और खर्च की गई है; और

(ग) इस योजना पर कोविड-19 महामारी का क्या प्रभाव पड़ा और इससे निपटने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी **महिला एवं बाल विकास मंत्री**

(क) : पिछले तीन वर्षों के दौरान महिला शक्ति केंद्र(एमएसके) स्कीम के तहत उत्तर प्रदेश में विभिन्न गतिविधियां और पहलें चलाई गई हैं। इनमें (i) जिला और ब्लॉक स्तरों पर विभिन्न विभागों और हितधारकों का अभिसरण, (ii) सामाजिक, स्वास्थ्य और आर्थिक पहलुओं पर किशोरियों सहित महिलाओं से संबंधित स्कीमों और कार्यक्रमों पर विभिन्न हितधारकों का उन्मुखीकरण और प्रशिक्षण, और (iii) जागरुकता सृजन गतिविधियां आदि शामिल हैं।

(ख) : पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य को स्कीम के तहत जारी/व्यय की गई राशि निम्न प्रकार है :

वित्त वर्ष	2018-19	2019-20	2020-21
जारी की गई राशि (लाख रुपये)	362.13	17.16	11.67

(ग) : महामारी के कारण स्कीम का कार्यान्वयन प्रभावित हुआ है क्योंकि भीड़ जुटाने की अनुमति नहीं दी गई थी और एक-दूसरे से संपर्क भी प्रतिबंधित किया गया था। तथापि, सरकार ने स्कीम के तहत विभिन्न गतिविधियों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए कोविड-19 दिशानिर्देशों और प्रोटोकॉल के अनुसार उपयुक्त कदम उठाए हैं। सरकार ने एमएसके की मौजूदा स्कीम को 15वें वित्त आयोग चक्र के दौरान कार्यान्वयन के लिए मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तीकरण के राष्ट्रीय, राज्य और जिला केंद्र के घटक के तहत समाहित करने का निर्णय लिया है।

*****